# कक्षा XII

# गृह विज्ञान सैद्धांतिक (064)

# अभ्यास प्रश्नपत्र - 4 (2020-2021)

**अवधि: 3 घण्टे** **पूर्णांक: 70**

## सामान्य निर्देश-

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्नपत्र में कुल 36 प्रश्न हैं।
3. प्रश्नपत्र को तीन खंडों में विभाजित किया गया है- क, ख और ग ।
4. प्रश्न संख्या 1 से 14 तक, खंड - क में वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जो प्रत्येक एक अंक के हैं।
5. प्रश्न संख्या 15 से 21 तक, खंड - ख में केस स्टडी आधारित बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं, जो प्रत्येक एक अंक के हैं।
6. खंड - ग में प्रश्न संख्या 22 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न दो अंक के हैं, प्रश्न संख्या 28 और 29, प्रत्येक तीन अंक के हैं, और प्रश्न संख्या 30 से 33, प्रत्येक चार अंक के और प्रश्न संख्या 34 से 36, प्रत्येक पाँच अंक के हैं।
7. कुछ सवालों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।
8. जहाँ भी आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन करें।

| | खंड- क (वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न) | |
|---|---|---|
| क्रमांक | बहु-विकल्पीय प्रश्न | अंक |
| 1 | भोजन के बिगड़ने या नष्ट होने के लिए कौन सा कारक उत्तरदायी नहीं है?<br>क) कीड़ों का आक्रमण<br>ख) अनुपयुक्त ताप<br>ग) ऑक्सीजन और नमी का प्रभाव<br>घ) सूक्ष्मजीवों के द्वारा संदूषण न होना<br><br>अथवा<br><br>भोज्य पदार्थों में से उपस्थित नमी को सुखाकर भोजन को संरक्षित करना ____________ कहलाता है।<br>क) हिमीकरण<br>ख) निर्जलीकरण<br>ग) पकाना<br>घ) डिब्बाबंदी | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | कार्यस्थल पर सुकार्यिकी का उपयोग किस तरह अधिक लाभप्रद साबित हो सकता है ?<br>क) सुविधाजनक कार्य - परिस्थितियाँ देकर<br>ख) कार्य स्थल पर चोट लगना<br>ग) रोज़गार में असंतुष्टि<br>घ) दोनों ख) और ग) | 1 |
| 3 | लुई पाश्चर द्वारा दूध को खट्टा होने से बचाने के लिए कौन से प्रक्रम का विकास किया गया था ?<br>क) निर्जलीकरण<br>ख) खाद्य पदार्थों का प्रबलीकरण<br>ग) पाश्चुरीकरण<br>घ) ठंडा करना | 1 |
| 4 | यदि किसी व्यक्ति को होटल में शेफ़-डे-पार्टी के रूप में नौकरी मिली है, तो उसे ______________ का कार्य सौंपा जाएगा।<br>क) रसोईघर-कर्मीदल<br>ख) कार्यपालक-रसोइया<br>ग) उप-रसोइया<br>घ) पर्यवेक्षक<br><br>अथवा<br><br>रेस्तराँ के समग्र कामकाज के प्रबंधन के लिए कौन जिम्मेदार है?<br>क) रेस्तराँ प्रबंधक<br>ख) गृह अनुरक्षक<br>ग) परिचर<br>घ) डेस्क नियंत्रण पर्यवेक्षक | 1 |
| 5 | 'विकास संचार' शब्द पहली बार 1972 में ____________ द्वारा प्रयोग किया गया था।<br>क) चिल्डर्स<br>ख) मेलकोटबोलिंग<br>ग) क्यूब्राल<br>घ) लर्नर | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | निम्नलिखित का मिलान करें।<br>A. ऑपरेशन के तुरंत बाद — i) कम सोडियम युक्त नमक<br>B. कब्ज की स्थिति में — ii) अधिक प्रोटीन युक्त आहार<br>C. उच्च रक्तचाप की स्थिति में — iii) कुछ विशिष्ट खाद्य पदार्थों का उपयोग और कुछ से बचना<br>D. एलर्जी की स्थिति में — iv) अधिक रेशायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन<br><u>सही विकल्प चुनें :</u><br>क) A - iii), B - iv), C - i), D - ii)<br>ख) A - iv), B - i), C- iii), D - ii)<br>ग) A - ii), B iv), C- i), D - iii)<br>घ) A - i), B - ii), C - iii), D - iv) | 1 |
| 7 | आई.एस.आई. निम्न में किसका उदाहरण है ?<br>क) कंपनी मानक<br>ख) क्षेत्रीय मानक<br>ग) राष्ट्रीय मानक<br>घ) अंतर्राष्ट्रीय मानक | 1 |
| 8 | अतिथि चक्र की किस अवस्था के अंतर्गत ग्राहक की संतुष्टि अथवा ग्राहक की निष्ठा की पुष्टि की जाती है ?<br>क) आगमन पूर्व अवस्था<br>ख) आगमन अवस्था<br>ग) कमरे पर आधिपत्य<br>घ) प्रस्थान | 1 |
| | रिक्त स्थान भरो :- | |
| 9 | रेड रिबन एक्सप्रेस (आर.आर.ई.) ट्रेन की शुरूआत ______________ से की गई।<br>अथवा<br>_______________ की स्थापना समान भौगोलिक तथा सामाजिक स्थिति वाले क्षेत्रों में जनहित के मुद्दों तथा स्थानीय कार्यक्रमों को गति प्रदान करने के लिए हुई थी। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 10 | ______________________ के अंतर्गत श्रमिकों और उनके पर्यावरण के बीच संबंधो का अध्ययन किया जाता है। | 1 |
| 11 | चित्र को पहचानें और उस राज्य का नाम बताएँ, जहाँ यह लोकप्रिय है।<br><br>अथवा<br>शिल्प की पहचान करें और उस राज्य का नाम बताएँ, जिसमें यह लोकप्रिय है।<br> | 1 |
| 12 | शुद्ध ऊनी वस्त्रों पर पाया जाने वाला मानकीकृत चिन्ह बनाएँ। | 1 |
| 13 | अभियान किन दो तरीकों से लोगों को प्रभावित करता है ? | 1 |
| 14 | राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा - 2005 (NCF-2005) के अनुसार प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के कोई दो उद्देश्य बताइए।<br>अथवा<br>राधिका को 'प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा' के क्षेत्र में काम करने की रुचि है। उसे इस क्षेत्र में कैरियर के दो अवसरों का सुझाव दें। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड ख (केस स्टडी पर आधारित प्रश्न)** | |
| | **पोषण संबंधी समस्याओं का समाधान करने के लिए बहु-विषयक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अप्रत्यक्ष संस्थागत और ढाँचागत परिवर्तनों द्वारा राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अप्रत्यक्ष नीति साधनों में लंबी अवधि की योजनाएँ सम्मिलित हैं जैसे: (क) खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना अर्थात भोजन उपलब्धता में सुधार करना, (ख) पोषण की दृष्टि से पोषक तत्वों से युक्त पदार्थ की उपलब्धता को सुनिश्चित करके आहार-पद्धतियों में सुधार लाना (ग) रोज़गारपरक योजनाओं और जन वितरण प्रणाली, भूमि सुधार लागू करके, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण में सुधार करके, खाद्य पदार्थों में मिलावट रोककर, मीडिया को सम्मिलित करके, आधारभूत पोषण की जानकारी देकर, पोषण कार्यक्रमों की निगरानी करके, महिलाओं, शिक्षा और साक्षरता के स्तर में सुधार करके और समाज की भागीदारी से ग्रामीण और शहरी गरीबों की गरीबी कम करना।** | |
| 15 | **राष्ट्रीय पोषण नीति भारत में किस विभाग द्वारा तैयार की गयी थी ?**<br>क) खाद्य प्रसंस्करण विभाग<br>ख) किसान कल्याण विभाग<br>ग) महिला और बाल विकास विभाग<br>घ) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग | 1 |
| 16 | **समेकित बाल विकास सेवाएँ (आई.सी.डी.एस.) के अंतर्गत लाभार्थी वर्ग को पहचानिए।**<br>क) गर्भवती व स्तनपान कराने वाली माताएँ<br>ख) किसान वर्ग<br>ग) वृद्ध<br>घ) प्रौढ़ | 1 |
| 17 | **खाद्य प्रबलीकरण / पुष्टिकरण का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**<br>क) पोषण की कमी<br>ख) खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की कमी को पूरा करना<br>ग) खाद्य पदार्थों को अधिक स्वादिष्ट बनाना<br>घ) खाद्य पदार्थों को अधिक आकर्षक बनाना | 1 |
| 18 | **निम्नलिखित में से कौन गलत कथन है?**<br>क) विटामिन ए की कमी से रात्रि अंधता होती है<br>ख) आयरन की कमी से एनीमिया होता है<br>ग) आयोडीन की कमी से गलगंड होता है<br>घ) "छिपी भूख" वृहत पोषक तत्वों की कमी के कारण होती है | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | रंग हमारे चारों ओर कई रूपों में है। ये सभी वस्त्र निर्माण वस्तुओं के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है, चाहे वह परिधान घरेलू, व्यापारिक अथवा संस्थागत उपयोग के लिए हों । उत्पाद की पहचान का श्रेय अधिकतर रंग को दिया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति रंग के प्रति प्रतिक्रिया करता है और उसकी निश्चित प्राथमिकताएँ होती हैं। रंग मौसम, समारोह तथा लोगों की भावनाओं को प्रतिबिंबित करता है, रंग की पसंद, संस्कृति, परंपरा, जलवायु, मौसम, अवसर अथवा पूर्णतया वैयक्तिक कारण से प्रभावित होती है। रंग फ़ैशन का एक महत्वपूर्ण अंग है। डिज़ाइनर एक सुनिश्चित विवरण के लिए रंगों का चयन सावधानी पूर्वक करते हैं। | |
| 19 | किसी रंग का हल्कापन या गहरापन __________ कहलाता है।<br>क) ह्यू<br>ख) मान<br>ग) तीव्रता (क्रोमा)<br>घ) वर्णक्रम | 1 |
| 20 | सफेद, काले, धूसर, रजत और धात्विक रंगो को ____________ कहा जाता है।<br>क) प्राथमिक रंग<br>ख) माध्यमिक रंग<br>ग) तृतीयक रंग<br>घ) उदासीन रंग<br><br>अथवा<br><br>रंगो का अध्ययन ____________ पर निर्भर करता है।<br>क) रेखा<br>ख) आकार<br>ग) बुनावट<br>घ) प्रकाश | 1 |
| 21 | __________ रंग का ग्रे पैमाने पर अधिकतम मान है।<br>क) काला<br>ख) सफ़ेद<br>ग) धूसर<br>घ) लाल | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>__________________ एक रंग और एक उदासीन  या एक आवर्णी रंग का उपयोग करता है।<br>क) एक वर्णी सुमेल<br>ख) अवर्णी सुमेल<br>ग) विशिष्टतापूर्ण उदासीन सुमेल<br>घ) अनुरूप सुमेल | |
| | **खंड ग** | |
| 22 | राधा एक स्कूल में पढ़ाती है, उसे अपने कार्य स्थल पर आवश्यक किन्हीं भी चार प्रक्रिया कौशलों का सुझाव दीजिये ।<br>**अथवा**<br>सामाजिक उद्यमी हमारे समाज की मदद किन चार तरीकों से कर सकते हैं? | 2 |
| 23 | आई.डी.ए. और आई.डी.डी. में से प्रत्येक के दो प्रभाव लिखिए। | 2 |
| 24 | किसी भी चार संगठनों के नाम बताएँ, जो आतिथ्य  सेवाएँ  प्रदान करते हैं ?<br>**अथवा**<br>'आतिथ्य प्रबंधन' से संबंधित जीविका के किन्हीं चार अवसरों की सूची बनाएँ। | 2 |
| 25 | विकास और विकास संचार को परिभाषित करें। | 2 |
| 26 | किन्हीं चार स्थानों के नाम बताइए, जहाँ कपड़ों की देखभाल और रख-रखाव किया जाता है। | 2 |
| 27 | एस.ओ.एस. बाल गॉव द्वारा अनाथ और परित्यक्त बच्चों को किस प्रकार दीर्घावधि सहयोग प्रदान किया जाता है ? | 2 |
| 28 | रमा एक ऐसी महिला के लिए सूट का डिज़ाइन बना रही है जिसका पेट बढ़ा हुआ है। सूट के डिज़ाइन में पेट से महत्त्व हटाने और अनुरूपता लाने के तीन सुझाव दीजिए। | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| 29 | युवाओं के संवेदनशील होने के कोई दो कारण बताइए। युवाओं की किन्हीं चार महत्वपूर्ण आवश्यकताओं का उल्लेख करें।<br><br>**अथवा**<br><br>बुजुर्गों के लिए हमारे देश में संचालित कोई छः कार्यक्रमों का वर्णन करें। | 3 |
| 30 | स्वास्थ्य और आतिथ्य क्षेत्रों के धुलाईघरों में धुलाई प्रक्रियाओं की किन्ही दो विशेषताओं का वर्णन करें। प्रत्येक क्षेत्र के दो उदाहरण दें।<br><br>**अथवा**<br><br>आप एक व्यावसायिक धुलाईघर में कार्यरत हैं -<br>क) संस्थानों में प्रयोग किये जाने वाले कपड़ों की देखभाल और रख-रखाव के किन्हीं दो उद्देश्यों को लिखिए।<br>ख) कपड़े धोना कला और विज्ञान दोनों हैं, किन्हीं दो बिन्दुओं सहित समझाइए। | 4 |
| 31 | खाद्य गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा के कोई भी दो महत्व लिखें। रासायनिक और जैविक संकट के बीच दो अंतर दीजिए। | 4 |
| 32 | सारिका ने अपना एक नया प्री-स्कूल प्रारंभ किया है। ऐसे कौन से आठ बिंदु हैं जिनके द्वारा वह अभिभावकों को विद्यालय पूर्व शिक्षा के लाभों से अवगत करा सकती है ? | 4 |
| 33 | संसाधन की सीमा और प्रकार के आधार पर कोई चार संसाधित खाद्य पदार्थों को समझाइए । | 4 |
| 34 | अपने मित्र को नैदानिक पोषण का अभिप्राय और इसके कोई दो महत्व समझाएँ ।<br>नैदानिक पोषण विशेषज्ञ बनने के लिए कोई तीन ज्ञान और कौशलों का वर्णन करें। | 5 |
| 35 | आपकी छोटी बहन जो स्कूल में पढ़ रही है, उसे उपभोक्ता शिक्षा पर पाँच महत्वपूर्ण परिभाषाएँ लिखने का प्रोजेक्ट मिला है। इस विषय के बारे में उसका उचित मार्गदर्शन करें। | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अथवा**<br>**राखी उपभोक्ता से संबंधित क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहती है, उसे इस क्षेत्र में उपभोक्ता शिक्षा के चार लाभों  और कैरियर के छह अवसरों के बारे में बताइए ।** | |
| **36** | **फ़ैशन व्यापारी शब्द से आप क्या समझते हैं? बाजार विभाजन के चार तरीकों का वर्णन करें ।** | **5** |